यह नवभारत टाइम्स में छपा है। यह भी आपने गलत कहा कि 1991 की जनगणना के हिसाब से हिन्दुस्तान में अनुमान लगाया गया था कि 16 करोड़ परिवार थे, अभी 20 करोड़ परिवार होंगे। छः करोड़ परिवार गरीबी की रेखा से नीचे माने गये थे, वे आठ करोड़ परिवार होंगे। दो करोड़ परिवारों के लिए सरकार है, गांव में जाने से पता चलता है कि हमारा लाल कार्ड नहीं मिला, हमारा गरीबी की रेखा से नीचे वालों में नाम नहीं है, नाम छूटा हुआ है। सभी पक्षों के माननीय सदस्य गांव-गांव में जाते होंगे, उनको जानकारी होगी, इसलिए दो करोड़ गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों के लिए सरकार नहीं है, उनके लिए कोई प्रावधान नहीं है। उनके लिए प्रावधान क्यों नहीं करते। सन 1991 में जनगणना के हिसाब से सन 2000 तक, नौ वर्षों में दो परसेंट आबादी बढ़ी है, जबकि गरीब की आबादी और ज्यादा बढ़ती है। उन दो करोड़ परिवारों को लाल कार्ड नहीं मिला, उनका बी.पी.एल. में नाम नहीं है। दूसरे अगर 6000 रुपये की आमदनी पर ईयर हो तो उसको बी.पी.एल. माना गया। अगर 6200 रुपये की आमदनी हो, 6500 रुपये की आमदनी हो, 7000 रुपये की आमदनी हो तो वह धनी है, वह टाटा-बिड़ला है, उसको आपने ए.पी.एल. में रखा है। जो बी.पी.एल. को नियरेस्ट से क्रास करता है, मार्जिनल है, 6200 रुपये, 6500 रुपये, 7000 रुपये, 8000 रुपये, 9000 रुपये, दस हजार रुपये साल में आमदनी करने वाला आदमी है, वह भी गरीब है। ठीक है कि फार्मूले के हिसाब से वह बी.पी.एल. में नहीं आया, लेकिन जो बी.पी.एल. के एकदम पास है, उसके लिए आप नहीं हैं। उसको आपने कहा कि तुमको हम नौ रुपये किलो अनाज देंगे, छः रुपये किलो बाजार में और नौ रुपये किलो सरकार में। ऐसा अंधेर न सुना गया, न देखा गया। यह कौन सा अर्थशास्त्र है, कौन सा अर्थमैटिक है, कौन हिसाब जोड़ा जा रहा है, मैं समझ नहीं पा रहा हूं। इतना अनाज हम गरीब के घर में दे रहे हैं, आप यह कह रहे हैं, यह पाखंड बन्द होना चाहिए और अपनी कुव्यवस्था और गड़बड़ी को गरीब के माथे पर नहीं थोपा जाना चाहिए। गरीबी की रेखा से नीचे के गरीब को आप अनाज नहीं दे सकते, आप कहते हैं कि यह सब्सिडी की फिलोसोफी है, आरक्षण की फिलोसोफी है। इस देश में हजारों वर्षों से छुआछूत, भेदभाव, ऊंच-नीच का भेद रहा, इसीलिए कांस्टीट्यूशन में आरक्षण दिया गया। उसी तरह से इस कुव्यवस्था में, जो गरीबी की रेखा से नीचे हैं, जिन्हें भरपेट अनाज नहीं मिलता, जिन्हें देह पर पहनने लायक कपड़ा नहीं है, जिनके पास रहने लायक मकान नहीं है, उनके घर में अगर पढ़ाई लायक कोई बच्चा है तो उसका प्रबन्ध नहीं है, जिनके लिए दवाई का प्रबन्ध नहीं है, अगर घर में कोई बीमार पड़े तो उनको काम ही नहीं मिले। इस तरह के लोग गरीबी की रेखा के नीचे कहे जाते हैं। उनकी जमीन भी रहन रखने की बात हुई, लेकिन उसका पर्चा भी नहीं है। उस तरह का जो गरीब है, जो मेहनतकश है, जिसका हिन्दुस्तान को बनाने में योगदान है। उसके मेहनत करने से देश चलता है, उसके मेहनत करने से अनाज पैदा होता है, उसकी मेहनत से कारखाना चलता है, उस मेहनतकश के लिए आप सब्सिडी दे रहे हैं, अर्थव्यवस्था में सुधार कर रहे हैं कि भारी बोझ पड़ गया और हम गरीब को मार कर फिजीकल डेफीसिट सधा रहे हैं, यह नहीं चलने वाला है और इसीलिए मैं फिर से यह अपेक्षा करता हूं कि गरीब के लिए सरकार कुछ करे और गरीब के साथ धोखा-धड़ी बन्द करे, गरीब के साथ जुल्म बन्द करे, अत्याचार बन्द करे। उसको 10-20 किलो अनाज सस्ते दाम पर दिया जा रहा था, उसके 100 परसेंट दाम बढ़ाये। ऐसा अंधेर सहन करने लायक नहीं है।

इन्हीं शब्दों के साथ, ये जो संशोधन लाये हैं, उसमें और सुधार की जरूरत है। धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय : यह एफ.सी.आई. का ऑडिट करने के लिए बिल लाये हैं।

श्री खारबेल स्वाइं : आप हाउस में ध्वनि प्रदूषण के लिए कुछ कीजिए। (इति)

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के द्वारा प्रस्तुत किये गये खाद्य निगम संशोधन विधेयक का हार्दिक स्वागत करता हूं।

यह बिल बहुत छोटी सी बात के लिए है कि एकाउण्ट्स के अन्दर थोड़ी सरलता आ जाये और अब तक जो डबल-डबल काम होता था कि पहले निगम के ऑडिट्र्स के द्वारा जांच की जाती थी और फिर कम्पट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल के जो ऑडिटर होते थे, उनके द्वारा सप्लीमेंटरी ऑडिट होता था। इसमें समय भी बहुत लगता था। अब इसमें समय की बचत भी हो जायेगी और ऑडिटर का एपाइंटमेंट करने के खर्चे, चार्टर्ड एकाउण्टेंट को एपाइंट करने के जो खर्चे लगते थे और उनके पास डबल-डबल जंचवाने के लिए कर्मचारियों को लगाया जाता था,

वह सारी बचत हो जाएगी। परिणाम स्वरूप इसमें सरलता आएगी। मैं इसी संदर्भ में कहना चाहूंगा कि निगम में 1997-98 के दौरान गड़बड़ हुई थी। 1998-99 में प्रधान लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भारत के सी.ए.जी. से लेखा परीक्षकों का पैनल प्राप्त नहीं होने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी। अभी तक यह पैनल की प्रतीक्षा करते रहे, जिससे आडिटर नियुक्त नहीं हो सके। इस कारण हिसाब अंतिम रूप में नहीं दिया जा सका। लेखाओं के अंदर और रिपोर्ट तैयार करने के अंदर इस बिल के पास होने के बाद सरलता बनी रहेगी, इसमें तनिक मात्र भी संदेह नहीं है।

एफ.सी.आई. को सालाना 300 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि मंत्री जी प्रयत्नशील हैं कि निगम से भ्रटाचार मिटे और बी.पी.एल. के लोगों को पूरा लाभ मिले। अभी हमारे साथी सब्सिडी की बात कर रहे थे। मैं बताना चाहता हूं कि पहले जितना अनाज बी.पी.एल. के लोगों को पी.डी.एस. से मिलता था, अब उसकी मात्रा दुगुनी कर दी गई है। पहले उनको अपनी आवश्यकता का अनाज बाहर से भी खरीदना पड़ता था, लेकिन अब उसको डबल कर दिया गया है। उसके बा

वजूद भी वे सब्सिडी की बात जिस ढंग से कह रहे हैं, उससे तो यही लगता है -- जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। मैं समझता हूं मंत्री जी इस मामले में काफी संवेदनशील हैं। वे भी गरीबों का हित चिंतन उतना ही करना चाहते हैं, जितना हमारे अन्य माननीय सदस्य। एफ.सी.आई. को 300 करोड़ रुपए का सालाना नुकसान इसलिए उठाना पड़ रहा है कि रेलवे में गेहूं और चावल की बोरियों का जब लदान होता है तो रेलवे की क्लियर रिसीप्ट नहीं मिलने के कारण और सैंट टू कंटेंट्स लिख देने के कारण बोरियां गायब हो जाती हैं। प्राइवेट व्यापारी जब अपने सामान का लदान करता है तो उसको क्लियर रिसीप्ट प्राप्त होती है, लेकिन एफ.सी.आई. की बोरियां इतनी होती हैं कि रेलवे वाले कहते हैं कि हमारे पास इतना स्टाफ नहीं है, तौलने के साधन नहीं हैं। इसलिए वे सैंट टू कंटेंट्स लिख देते हैं। परिणाम स्वरूप रास्ते में ही बोरियां गायब हो जाती हैं। इसलिए एफ.सी.आई. रेलवे से मिल कर ऐसा रास्ता निकाले ताकि इस प्रकार की स्थिति का सामना न करना पड़े। इस तरह सालाना जो 300 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है, यह कहां तक सत्य है, मंत्री जी अपने उत्तर में इसके बारे में बताने की कृपा करें।

कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन इस मामले को न तो किसी ने रोकने की कोशिश की और न किसी ने इसका हल निकालने की कोशिश की। एफ.सी.आई. के पास अनाज तौलने के यंत्र नहीं हैं। इस कारण एक वैगन में कितनी बोरियां लादी जा रही हैं, इसका सही आंकलन नहीं हो पाता, केवल अंदाज से कह दिया जाता है कि 250-300 बोरियां एक वैगन में लादी गई हैं।

अनाज रखने के लिए गोदामों की कमी है। खुले में ही अनाज की बोरियां रख दी जाती हैं, काली तिरपाल से, वर्षा का पानी न जा सके, ढंक दिया जाता है। लेकिन उसको चूहे इतना नुकसान पहुंचा देते हैं कि अनाज की बर्बादी हो जाती है। परिणाम स्वरूप उन गोदामों के अंदर अनाज पड़ा-पड़ा सड़ जाता है, सुरक्षित नहीं रहता। मेरे पास ऐसे कई आंकड़े हैं, एक समाचार पत्र में भी छपा था कि करोड़ों रुपए का अनाज सड़ जाता है, क्योंकि पांच-सात साल तक वह गोदामों में पड़ा रहता है। इसी तरह की एक घटना प्रकाश में आई थी। 1994 में एक मामले की सुनवाई हुई। पंजाब में साढ़े तीन लाख टन धान इकट्ठा हुआ और एफ.सी.आई. के पास भंडारण के लिए गोदाम नहीं थे, लिहाजा ब्लैक लिस्टेड कम्पनी के खुले प्रांगण में उसको रखने की व्यवस्था कर दी गई। इसका नतीजा यह हुआ कि सारा धान खराब हो गया और अरबों रुपये का नुकसान हो गया। इस प्रकार की घटनाओं से बचने का प्रयास किया जाना चाहिए।

एफ.सी.आई. द्वारा बोरियों की खरीद में भी घोटाला होता है। बोरियां निर्धारित मानक से कम मानक पर हल्की खरीद ली जाती हैं। इसमें निगम के अधिकारी और कर्मचारी लिप्त होते हैं। वे इस मामले से एफ.सी.आई. को हानि पहुंचाने का काम करते हैं।

यह बिल लेखाओं के अंदर शुद्धता लाने के लिए, स्पटता लाने के लिए और सरलता लाने के लिए एक अच्छा कदम है। इसके माध्यम से हिसाब में पारदर्शिता रहेगी। वहीं जो कमियां हैं, वे जी-जान से इस काम में जुटे हुए हैं और निश्चित रूप से इन कमियों को दूर करने का प्रयास करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI G. PUTTA SWAMY GOWDA (HASSAN): Thank you, Mr. Speaker Sir, for having given me time to speak a few words about the Food Corporations (Amendment) Bill, 2000. It is a good piece of legislation. I have no words except to welcome these amendments. These amendments have been passed by Rajya Sabha also and this is absolutely necessary to monitor the activities of the Food Corporation of India. The scrutiny of its accounts is a must.

Sir, the Government has substituted four Clauses wherein they have proposed to take strict action against the guilty; wherein the C&AG has got every right to inspect the books of accounts pertaining to the Food Corporation of India. The C&AG can inspect its books any time and they have to be placed before the Parliament after these have been duly certified by the C&AG. It is a good step and I welcome these amendments.

In this regard, I would like to place before the Government that the Food Corporation of India was established with good intention to procure food, store it and transport it on behalf of the Government of India. It has got many branches all over the country and a substantial number of staff is also appointed in it. Since, 1964, when it came into existence, the functioning and management of the FCI is not up to the mark. Several cases of pilferage, fraud and abnormal leakage are there. Due to mal-administration, the purpose, for which it has been meant is not achieved. It is a sorry state of affairs as far as the Food Corporation of India is concerned. According to the reports, there are 764 cases pending since 1991 and this has resulted in losses to the tune of Rs.300 crore. So far, they have taken no action against any officer and have not taken it seriously. Even the previous Governments have taken it lightly. This is serious in nature and the Government should come forward to take stringent action against all those who are guilty.

Sir, there is also lot of non cooperation among the officers and the workers. In Karnataka, the workers have given several memoranda about their problems to the hon. Prime Minister, the hon. Minister of Home Affairs, the hon. Minister of Consumer Affairs and the hon. Minister of Labour. They have demanded a CBI Inquiry into all these affairs amounting to a loss of Rs.500 crore to the Corporation. Even then no action has been taken. These are all genuine demands of the workers. Therefore, I strongly demand that a CBI Inquiry should be conducted and the officers who are guilty should be punished in order to make the Corporation efficient.

I would like to mention one more point that some States have got sufficient storage facilities and some States do not have sufficient storage facilities. Even in Karantaka, they are not having sufficient storage facilities and due to that, the foodgrains are becoming rotten.

According to the reply given by the Food Minister in the month of February, 2000, in 1991 the foodstock had become rotten and it was not fit for human consumption. I would like to know as to why the Government is keeping quiet since 10 years without using the stock. The reply given on 24.2.2000 says:

> "The matter about accumulation and non disposal of such huge quantity of rice stocked by the Food

Corporation of India has been investigated by a senior officer of the Department of Public Distribution. Instructions have been issued for fixing the responsibility against the officers in FCI who have been found guilty and also for early disposal of stocks. "

This answer will not bring any good name to the civilised Government. So, it is a clear case of fraud. They are not functioning well. The officers are committing so much of mistakes but you are saying that enquiry would be held and guilty officers would be punished. Just giving a reply like this is not sufficient. As our senior Member has put it, it is a fraud on the common man. It is an important issue in the country. You will have to take a serious action and send the officers who are guilty to jail. This was the reply that you had given. Nobody will be satisfied with this reply and also with the administration and management, that you are doing.

Hence, I am strongly emphasising to the Minister of Food to take serious action and have an eye over these anomalies. So, all the officers have become *rajas* and they want to eat whatever they want. Money is flowing like water. Nobody is accountable in this Corporation because they are all residing in their respective States and the State Governments have no power to take action against them. Hence, I am pressurising the Government, through you, Sir, to take a stringent action against the guilty officers.

SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): Mr. Speaker, Sir, at the very outset, I would first like you to relax. Let us have a meaningful discussion on this very important Bill.

The Bill has a very limited purpose but a very highly significant purpose, which concerns the auditing of the accounts of the Food Corporations. At present, the practice is that the accounts are audited and certified by the Chartered Accountants and then we have a supplementary audit by the Comptroller and Auditor General.

Now, according to this Bill, this double check is being reduced to only a single check and we will have only an auditing by the Comptroller and Auditor General of India.

Before I proceed, I would first like the Government to clarify certain matters. Sir, I understand that the accounts for the year 1996-97 and 1997-98 have been finalised but are pending for audit by the principal auditors. Now, what is the position here? One would like to know definitely as to why there is a great delay. Perhaps this delay is because of the delay by C&AG in appointing the panel of auditors, from which panel the Food Corporation of India has to select its auditors.

Sir, the appointment of the principal auditors for the year 1997-98 and 1998-99 could not be made for want of panel of auditors from the Comptroller and Auditor General of India.

Why? One would like to know what was the difficulty with the C&AG in forming the panel of auditors? As a result of the delay, accounts for the years 1996-97, 1997-98 and 1998-99 are pending and have not been audited. So, one would like to be enlightened on these particular aspects.

Now, why is this change that instead of a double check, we come down to a single audit by the C&AG? The Statement of Objects and Reasons gives us two reasons. One is to avoid needless expenditure on Audit fees, and second is to provide a more meaningful audit by the Comptroller and Auditor-General of India who is well aware of the Government policies being implemented by the FCI. I am surprised and, I may say most disappointed. We talk of avoiding needless expenditure on Audit fees. We should take a more constructive attitude as far as the Audit fees are concerned. This is a very critical area, and any cavalier attitude may be non-productive, counter-productive, and may create a lot of difficulties. Sir, we should not grudge the Audit expenditure, specially, when we emphasise upon greater accountability. I would also like to know this. If by reducing your Audit or your double check to a single check, what will be the extent of saving that will be made by you? Let us know that also. Then, in the case of needless expenditure, we must know and remember the extent and the scale of operations of the FCI. It deals in thousands of crores of rupees. Therefore, I am speaking of the importance of even a double audit without grudging the audit expenditure. As I said, the practice may result in greater difficulties and may prove counter-productive. It should also be remembered that it would be inadvisable to reduce the audit checks. Of course, needless expenditure should be avoided. But here why the audit alone? It is through the removal of inefficiencies in administration that you can avoid needless expenditure, and about that a lot has already been said in the House and I will not repeat.

We know the rampant corruption that is over there and that there is a need for proper and stern action. We also know of the food-stocks. Records are not properly maintained. I understand no stock tally has been made for the last several years. These and various other things will have to be taken into account when we talk of needless expenditure, rather than grudge the question with respect to the audit fees without even taking the House into confidence as to the extent of the savings that will be made from the audit fees, as a result of this particular Bill. Of course, we have all referred to rampant corruption, fraud and mismanagement. Everything is true. But, then let us

be fair and fair to FCI also. In this darkness, there are certain silver linings and we should be fair to accept that silver lining. I am referring to them because the Bill refers to a meaningful audit. When we talk of meaningful exercises, we have to remember these silver linings also.

For example, the rate of economic costs to procurement prices, according to one study has declined for wheat and remained constant for rice during this decade of the `nineties. This indicates improved operational efficiency of the FCI. So, no doubt, we are talking of corruption, we are talking of fraud, we want proper administration, we want stern action, but then there are certain areas of efficiency which cannot be ignored.

Again, the share of losses in total distribution costs had fallen from 8.2 per cent in 19 90-91 to 2.4 per cent in 1998-99. For rice, it had been from 8.26 per cent to 2.4 per cent during the period and then the losses have declined. This is the situation. But then the position remains. That is when we are reducing the check, we have to be very careful. One would like to strengthen the hands of the hon. Minister as far as the question of getting greater accountability is concerned. But there is a need for a re-look at the formula which has been thought of.

A second reason that has been given is that we will have a more meaningful audit from the Comptroller and Auditor General of India. . Is it a slur on the auditing done by the Chartered Accountants. Who are the Chartered Accountants who are appointed? Not anyone is appointed at the whims and fancies of the FCI. They have to be selected from the panel that is with the CAG.

There are various aspects of auditing. We have financial auditing; we have a material and physical auditing. As far as material and physical auditing is concerned, there is room for much improvement. But then I really feel that a double check should be there and should continue. It will bring a greater and greater accountability.

There are various things that can be considered. Allow me a small digression for example because that is a very important aspect today. When we talk of stocks and material auditing we also know the accumulation of stocks in our godowns that is taking place. Now recently, because of the lesser offtake due to the chaotic public distribution system and the price rise, the stock has accumulated, the offtake even for below the poverty line has reduced and the accumulation of stock recently went up to 42 million tonnes, with the result that a sum of Rs.4l thousand crore of public money has got locked up in this. These are things that have to be considered. And when we talk of physical auditing, the work has further increased in this particular respect. We talk of subsidy but then the fact remains that food subsidy as a share of GDP, has not changed much during the last 20 years. It has hardly been from 0.3l per cent to 0.64 per cent. What is the percentage of food subsidy to our total Central Government expenditure? It is hardly 2.35 per cent!

19.00 hrs.

Here, we are grudging this subsidy being given to the poor. We need to correct our attitude in all these respects.

As far as the food subsidy and its percentage to the GDP are concerned, please look at the world situation. In Sri Lanka, they have the food subsidy double the proportion than what it is there in India. In Tunisia, the food subsidy is four per cent. Later they reduced it to two per cent. Ours is 0.31 per cent. In the case of Egypt, the food subsidy is 15 per cent. These are various facts which have to be considered.

Now, I have a very small and a brief digression on one point which has been disturbing us the most. It is about the question of adequate storage capacity. Then, I will conclude. Attention has to be paid to this question of adequate storage capacity especially when we talk of decentralisation of storage for the purposes of greater food security.

Sir, please allow me to refer to only one point. In my constituency, Ponnani of Kerala, there is a place called Tirunavia. The Government decided on the question of food security and on vital questions to have the FCI godowns over there. The proposal was accepted, the work was started and then stopped. Why? They said, `No funds'. I represented the matter. The work started and again stopped. Why? There is no answer.

Now, after a lot of persuasion, we are being told that the work will be taken up by the Central Warehousing Corporation. It is all right. But, then, look at the delay that has taken place. The Central Warehousing Corporation has to take up the matter, which requires formalities of agreements, etc. These formalities of agreements are now hanging in balance. These require an expeditious attitude, the attitude to understand the realities of the situation.

Sir, with these few words, I would conclude and would like to emphasise upon the Government the need to see that we do not look at the economy as far as audit fees are concerned, but to really ensure that we have an effective check, even a double check in place of a single one.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मुझे इतना निवेदन करना है कि मंत्री जी ने जो ऑडिट वाला सिस्टम शुरु किया है, यह वास्तव में स्वागत योग्य है। इसमें कोई दो राय नहीं है। इससे समय की बचत होगी और खर्चा भी बचेगा। एफ.सी.आई. को 300 करोड़ रुपए का रोजाना नुक्सान हो रहा है।

मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वह राजस्थान और गुजरात को जो अनाज देने जा रहे हैं, वह उसे निःशुल्क देंगे या कीमत लेंगे या उसे रियायती दर पर देंगे। इन तीनों बातों में से एक बात आज साफ होनी जरूरी है। भारत सरकार यह तय करती है कि किस भाव पर गेहूं खरीदना है और किस आधार पर गेहूं और चीनी बेचनी है? इसे तय करने का अधिकार भारत सरकार का है। ऑडिट की व्यवस्था करने के लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं दो बातें और निवेदन करना चाहूंगा। रेल विभाग की गलती के कारण गेहूं देर से भेजा जाता है। वर्षा में भी गेहूं पड़ा रहता है। वर्षा प्रारम्भ होने पर गेहूं को ढ़कने का प्रबन्ध न होने से वह खराब हो जाता है। बोरियों की खरीदारी में काफी गड़बड़ी होती है। चूहों के कारण गेहूं नट होने के भी मेरे पास आंकड़े मौजूद हैं। चूहे प्रति वर्ष अनाज खा जाते हैं। इससे अनाज खराब हो जाता है। हमें यह भी कमी देखने को मिली है। अनाज काफी समय पड़े रहने के कारण खराब हो जाता है। दो से पांच वर्ष तक अनाज पड़ा रहे तो अनाज की मात्रा कम हो जाती है और उसके गुण भी नट हो जाते हैं। अनाज गीला होने से खराब हो जाता है। चीनी कंट्रोल रेट पर दी जाती है। मैं ऐसा समझता हूं कि खुले बाजार में अनाज सस्ता मिलता है।

और कई बार कंट्रोल में गेहूं और चीनी महंगी होती है, लोग खरीदना पसंद नहीं करते। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि वे इस ओर ध्यान दें। आपने एकपक्षीय ऑडिट का जो तरीका निकाला है, मैं उसका स्वागत करता हूं।

श्री चन्द्र भाण सिंह (फर्रुखाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने खाद्य निगम का ऑडिट करने के लिये सी.ए.जी. का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक अच्छा संशोधन है, इस बात से मना नहीं किया जा सकता। सवाल यह उठता है कि इससे पहले भी उसका ऑडिट होता रहा होगा, फिज़ीकल वैरिफिकेशन और अकाउंटेब्लिटी भी होती होगी लेकिन विगत वर्षों की हमारे पास यह जानकारी है कि आपका 9 लाख टन खाद्यान्न बरबाद हुआ है। माननीय मंत्री जी ने पिछले दिनों अखबार में विज्ञप्ति दी थी। वैसे भी बहुत सा खाद्यान्न ऐसा है जो पिछले 2-5 वर्षों से गोदामों में पड़ा हुआ है। सरकार का रुपया लग चुका है परन्तु गरीब लोगों को जो सबसिडी का लाभ मिलना चाहिये था, उस तक खाद्यान्न पहुंचना चाहिये था, वह नहीं पहुंच सका । नतीजा यह हुआ कि जैसा आप जानते हैं कि पैरिशेबल स्टॉक को रोका नहीं जा सकता है। आपका यह नियम और कानून है कि जो पहले आये, वह पहले जाये। आपके स्टोर से सर्वप्रथम वह माल निकाला जाये जो पहले आया है। इसमें ताज्जुब की बात है कि फिजिकल वैरीफिकेशन और ऑडिट हुआ उनकी भी कोई अकाउंटिब्लिटी होगी लेकिन है, उस पर गौर नहीं किया गया कि जो पहले आये, उसे पहले निकाला जाये। यह ठीक है कि ऑडिट की व्यवस्था की गई है लेकिन मैं मानता हूं कि वह ऑडिट हिन्दुस्तानी होगा, ऐसा नहीं कि कोई विदेशी होगा कि वह आपका ऑडिट करने आयेगा। सी.ए.जी. की क्या जिम्मेदारी है? अभी तक जो पैनल ऑडिट करता था, उसकी क्या जिम्मेदारी थी, क्या उन्होने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाई या सी.ए.जी. यह जिम्मेदारी पूरी निभायेगा कि वह जो ऑडिट कर रहा है, उसकी सही जानकारी प्रशासन को दे रहा है और सरकार उस पर क्या रिएक्ट

कर रही है? सी.ए.जी. द्वारा ऑडिट हो, यह एक अच्छी बात है। मेरा निवेदन है कि जो इसके हाथ में है, उसको प्रतिबद्ध किया जाये, उसके ऊपर कानून लगाया जाये। जिसमें कमी या कमजोरी पाई जाये, उसे कड़ा दण्ड दिया जाये

अध्यक्ष महोदय, खाद्य निगम के पास दो तरह के गोदाम होते हैं - एक ढका हुआ और दूसरा खुला हुआ। यह खाद्य निगम 1963 में बनाया गया था। आज भारतवर्ष की आबादी बढ़ रही है जिससे अनाज की खरीदारी भी बढ़ रही है लेकिन गोदामों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हो रही है। आप इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि जितने गोदाम आपके पास हैं, उन से ज्यादा गोदाम आप किराये पर लेते हैं । उसमें व्याप्त भ्रटाचार के कारण बहुत बड़ी गड़बड़ी होती है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि आपको इस बात पर गौर करना चाहिये कि जो गोदाम किराये पर लिये जा रहे हैं, कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार उनके लिये ज्यादा किराया दे रही हो। कहीं ऐसा तो नहीं कि कम किराये पर गोदाम उपलब्ध हों और उनका किराया ज्यादा दिया जा रहा हो?

अध्यक्ष महोदय, भारतीय खाद्य निगम में गल्ला इकट्ठा करने के लिये आपको बाहर रखना पड़ता है और उसके लिये बोरे खरीदते हैं। भारतीय खाद्य निगम में बड़ा घोटाला है क्योंकि जो बोरे अधिक वज़न के होगें, उनका मूल्य अधिक होगा।

एफ्सीआई के पुराने बोरो का इस्तेमाल कोल्ड स्टोरेज या आलू के व्यापारी करते हैं, वहां मालूम होता है कि एक बोरी कुछ वजन की है और दूसरी बोरी कुछ और वजन की है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि यदि खाली बोरी खरीदी जाएं तो उसकी गुणवत्ता पर विशे ध्यान दिया जाए। एक बात पर ताज्जुब होता है कि जब भी गेहूं खरीदा जाता है उस गरीब काश्तकार से तो ग्रेडिंग करके खरीदा जाता है, छंटनी लगाकर खरीदा जाता है लेकिन जब एफ.सी.आई. में अनाज जाता है और जब गरीब के पास बंटने के लिए जाता है तो उसमें पता नहीं कहां से मिट्टी और कूड़ा-करकट और दुनिया भर का पत्थर मिल जाता है। इस पर बड़ा ताज्जुब लगता है। इस पर भी निगरानी की आवश्यकता है और निश्चित ही आप इस पर ध्यान देंगे, ऐसा मेरा अनुमान है। साथ ही साथ यदि ज्यादा दिनों तक माल गोदामों में रहेगा तो उसकी क्वालिटी गिरेगी और जब क्वालिटी गिरेगी तो गरीब को क्यों बाध्य करना चाहते हैं सड़ा-गंदा अनाज खाने के लिए? मैं निवेदन करता हूं कि अभी हमारे रासा सिंह जी बोले और भार्गव साहब बोले लेकिन इन्होंने एक खबर नहीं पढ़ी क्योंकि ये ट्रेज़री बेंच के आदमी हैं। अभी जो सूखाग्रस्त इलाकों में गेहूं और खाद्यान्न बंटने के लिए जा रहा है, कल-परसों के अखबार में मैंने पढ़ा कि वह खाद्यान्न स्टेशन पर पड़ा हुआ है और बरबाद हो रहा है और वर्षा भी हो गई है। वह खाद्यान्न मट्टियामेट होने वाला है। एफ्सीआई में दो परसेंट तक नुक्सान अलाउड है लेकिन क्या वजह है कि उत्तरोत्तर इसमें बढ़ोतरी हो रही है और आज चार प्रतिशत के आस-पास एफ्सीआई का नुक्सान आप बर्दाश्त कर रहे हैं? मेरा आग्रह है कि इस पर भी आप गौर करें।

जैसा कि सब्सिडी के संबंध में बात हो रही थी, आखिरकार कौन सी ऐसी वजह है कि फूड कार्पोरेशन को इस साल 8500 करोड़ रुप्ये की सब्सिडी मिली। जबकि विगत वर्ष यह 9000 करोड थी ।इस साल सरकार पर कौन सी विपत्ति आ गई कि उसने 500 करोड़ रुप्ये कम कर दिया। आबादी बढ़ रही है, गरीबों की संख्या बढ़ रही है तो आखिरकार सरकार ने फूड कार्पोरेशन को मिलने वाली सब्सिडी क्यों कम की, इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

1912 बजे (श्री बसुदेव आचार्य पीठासीन हुए)

सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं और निश्चित ही इस विधेयक का समर्थन करता हूं और धन्यवाद देता हूं कि सीएजी भी इसमें अच्छा काम करेगी जिससे गरीबों का हित हो।

SHRI RAMESH CHENNITHALA (MAVELIKARA): Mr. Chairman, Sir, I rise to welcome this piece of legislation. Section 34 of the Food Corporation of India Act is clearly dealing with auditing. As per the Statement of Objects and Reasons, the multiplicity of auditing is avoided by this in order to curb the expenditure and to have a meaningful exercise. Now we are going to have only one kind of audit and that is by the Accountant-General and he will be the sole auditor of accounts of the Corporation.

The main question here is whether we can have a proper accounting in Food Corporation of India. It is immaterial whether it is by the auditors or by the Accountant General. The people of India want that there should be proper accounting and auditing in the Food Corporation of India.

The broad objective of the food policy of our country is to make available food to the people at a reasonable price and that a remunerative price should be made available to the farmers and the supply of food should be at a subsidised rate. The Food Corporation of India has been set up for ensuring these goals. This is an organisation which implements the Government's policies on food and food security. It deals with the purchase of food from the cultivators at the Government-announced prices because FCI is not fixing the prices.

Fixing prices is outside the purview of the Food Corporation of India. We all know that the remunerative prices for the food articles are normally decided by the Government. The Government, of course, has to take into account various aspects, mostly on political considerations. We all know that prices are determined by the Government.

Sir, the point is whether we are able to ensure quality of the food. The off take is less in certain States like Kerala. Time and again we have raised this issue, of low percentage of off take of food because of poor quality of foodgrains.

Sir, the hon. Minister had mentioned:

> "The stocks of foodgrains procured on behalf of Government are done so by the FCI, and managed by them for proper storage and preservation as per the guidelines laid down in the Quality Control Manual. These include:-
>
> i. Periodic maintenance of the godowns to avoid damage through leakage, flooding etc.
>
> ii. Use of monofilament nets, cover tops, nylon ropes etc. to protect the LDPE covers used in the CAP storage to cover each stack; and
>
> iii. Periodic turnover of stocks, timely segregation, salvaging/reconditioning of affected stocks and retrieving good stocks thus avoiding further damage/deterioration to the foodgrains."

These are the measures that have been taken by the FCI for preservation of the food articles. But for all practical purposes we see that the quality of the foodgrains that are stored in the FCI godowns are very poor. The off-take of foodgrains is less in most of the States because of the poor quality of the foodgrains.

Sir, I come from a State where there has been statutory rationing from the year 1964 onwards. Whenever there are good quality foodgrains, even rice and wheat, the off-take has been high. At the same time, when the quality of foodgrains is poor, naturally the people would not like to take those foodgrains and the off-take would be less.

Only yesterday I was listening to Food Minister of Kerala, Shri Chandrasekharan Nair. He was saying that the total rationing system in the State of Kerala has been affected by the recent policies of the Government. I would not go into all this. It is because we have already discussed that issue very extensively in this House. Now, the stock is piling up in the godowns. It is a very serious issue before the Government now. The difference in price between the open market and the PDS is only fifty paise. So, nobody is buying from the PDS outlets and stock is piling up. This is going to become a serious problem for the State Government of Kerala.

Sir, regarding the storage facilities I would like to submit that the percentage of storage facilities including the Central Warehousing Corporation and the State Warehousing Corporations is not adequate as per the records of the Government. So, there is a strong demand for further expansion of the storage facilities in our country.

Sir, I would not like to take much time of the House. My colleagues have elaborately discussed the issue pertaining to the employees of the FCI. Their issues would have to be dealt with separately. There certain importnat demands from their side. I think, the Government has to view it very seriously.

Sir, the BICP Committee has recommended for greater autonomy of the FCI and has suggested major organisational changes. This has to be viewed very seriously. There should be greater transparency and accountability in the working of the FCI. Mention has also been made about the rampant corruption that exists in the system. Action has also been taken. I have a report here which has appeared in `*The Hindu*' that says, `FCI officer suspended in Faridkot'. The allegation was accepting substandard rice from millers and tampering with official records.

This is one of the classic examples of the working of the FCI. After checking, it was found that the rice and wheat had been taken from the millers the quality of which was also very poor. But it is also a fact that the action has been

taken against the persons concerned.

Sir, I am very happy that the hon. Minister had taken certain stringent actions against the corrupt officials. He had visited Calicut and had taken some very important steps which have been appreciated by the people at large.

I think that the functioning of the FCI has to be reviewed properly. There should be more transparency. The loopholes have to be plugged out and the corrupt officials should be punished severely.

Sir, there should be a full-fledged discussion on the functioning of the FCI. With these words, I conclude.

MR. CHAIRMAN Now, the hon. Minister.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Sir, I also want to speak on this. Please give me just two minutes.

MR. CHAIRMAN: No. Your name is not there in the speakers' list. How can I allow you to speak?

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : Sir, within two to three minutes, I will conclude.

SEVERAL HON. MEMBERS: Sir, please allow him to speak.

MR. CHAIRMAN: All right. But do not take more than two minutes.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me the opportunity to speak after so much of pleading.

First of all, I would like to support this Amendment Bill because the activities of the FCI have necessitated this legislation. It is because the Auditors whom they used to appoint have not been able to give their reports in time, and for the last three years, the accounts have not been audited. Therefore, it has necessitated this Government to get a legislation of this kind and they have got it.

But within the ambit of the Bill, I would like to say that the Food Corporation of India deals with procurement, storage and distribution. In regard to procurement, I would like to share my experience before the august House. I hail from the most backward district of Kalahandi which is in Orissa. There, you will be surprised to know that none of the farmers who produce paddy gets the procurement price at all. It has been seen that the fine variety of paddy known as the *swarn variety* which is grown by most of the farmers of the district is being procured as coarse variety.

Even in regard to the BPL rice which is being sent to the farmers, through the trucks for distribution, it has been found that there is always a shortage of four kilograms to five kilograms of rice in each bag. Umpteen times, I have written to the hon. Minister. About three years back, we had an agitation against the FCI. But that too had fallen on deaf ears.

Mr. Chairman, Sir, I would use this opportunity and request the hon. Minister to take stern steps in regard to distribution and procurement of foodgrains in the distressed pockets of India, be it Kalahandi, be it Bundelkhand, or Palamaur in Bihar , or be it the backward areas of Rajasthan and Gujarat which are facing acute drought now, he should take stern steps in regard to distribution and procurement. It is the procurement which completely deals with the lifeline of every farmer. If a farmer does not get the right market procurement price, his entire budget of the year gets destroyed completely because he completely depends upon his produce. If he does not get a proper price of his produce then he is forced to live a life of destitute. It is not only the condition of the paddy growers but also the conditions of the oil seed growers and wheat growers. You will see that such type of procurement is taking place all over the country.

When this procurement takes place, you will see that most of the officers are in connivance with the millers and the agents who completely cheat the farmers.

So, the Government has to protect their interests.

Every hon. Member has pointed out that there should be proper storage facilities as otherwise pilferage and destruction of food grains will take place. The hon. Member from Purulia has rightly mentioned that due to lack of proper storage facilities, the seeds are getting destroyed. Therefore, the Government should adopt modern and scientific methods of preservation of food grains because food grain is a valuable commodity in a populist country

like India.

With these few words, I thank for giving me this opportunity to speak.

उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शांता कुमार) : मान्यवर सभापति जी, मैं माननीय सदन का आभारी हूं कि इस संशोधन को समर्थन मिला है। जो बातें फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के संबंध में कही गई, जो चिन्ता व्यक्त की गई, जो कंस्ट्रक्टिव आलोचना की गई, मैं उसके लिए आभारी हूं और उन्हीं सारी बातों को ध्यान में रख कर यह संशोधन करने का भी निर्णय किया गया। उद्देश्य यह है कि फूड

कार्पोरेशन एक बहुत बड़ी संस्था है। लगभग 25000 करोड़ रुपये का सालाना काम होता है, लगभग 280 लाख टन प्रोक्योर होता है, स्टोर होता है, डिस्ट्रीब्यूट होता है। पिछले तीन वर्षों से ऑडिट नहीं हो पाया, उसके लिए हम बहुत चिन्तित थे। मैं उन कारणों में नहीं जाना चाहता लेकिन यह आवश्यक था कि इस कार्पोरेशन का टोटल ऑडिट का काम सी.ए.जी. को दिया जाये और उसी के लिए संशोधन आया है। इस संशोधन के लिए सदन का समर्थन मिला है, मैं इसका आभारी हूं।

कुछ और महत्वपूर्ण बातें एफ.सी.आई. के संबंध में रखी गई हैं। जो सुझाव आये हैं, उनके लिए मैं धन्यवाद कर इतना ही कहूंगा कि हम उनका पूरा ध्यान रखेंगे। कुछ प्रमुख बातें आई हैं, जिनके बारे में मैं थोड़ा स्पष्टीकरण देना चाहूंगा। कुछ अलग-अलग आंकड़ें आये कि इतने लाख टन खराब हो जाता है, कहीं 16 लाख टन कहा, कहीं 9 लाख टन कहा, अलग-अलग आंकड़ें आये हैं। वस्तुस्थिति यह है कि इतना अधिक खराब नहीं हुआ है, इतना अधिक पुराना अनाज नहीं है, कम है। लेकिन मैं उसे जस्टीफाई करने के लिए खड़ा नहीं हुआ। मैं केवल आंकड़ों को ठीक करना चाहता हूं कि हमारे पास पांच साल से अधिक का 2 लाख 6 हजार टन चावल और 57 हजार टन गेहूं केवल है। दो से तीन साल पुराना 3.41 लाख टन चावल, 2.03 लाख टन गेहूं, तीन से चार साल पुराना 0.55 राइस, 0.14 व्हीट, चार से पांच साल पुराना 0.43 राइस है, इतना अधिक नहीं है। केवल इतनी मात्रा है जो पांच साल, दो या तीन साल पुराना है।

डी कैटेगिरी के प्रिवेंशन ऑफ फूड एडलटेरी एक्ट के मुताबिक इशू किया जा सकता है लेकिन सरकार का निर्णय है कि उसकी क्वालिटी ठीक नहीं होती इसलिए उसे इशू नहीं किया जाता। हमारे पास डी कैटेगिरी का 2 लाख 15 हजार टन है। इसमें व्हीट 19 और राइस 196 है। मैं एक निवेदन करना चाहता हूं, एक अंडर रिलैक्स्ड स्पैसीफिकेशन है, यह अधिक मात्रा में है। 1997-98 का 2 लाख 80 हजार टन, 1998-99 का 15 लाख 51 हजार टन, फसल खराब हो गई, वर्षा पड़ी थी। स्पैसीफिकेशन रिलैक्स कर दी गयी। सरकार ने प्रोक्योर किया, भंडार में आया और आज स्थिति यह है कि इस चावल को बहुत से लोग लेने के लिए तैयार नहीं है। केरल के बंधुओं ने शिकायत की है और उनकी शिकायत मे वजन है। मैं इस संबंध में दो बातें कहना चाहता हूं कि इतना नहीं है जितना आपने कहा, कम है। यह भी नहीं होना चाहिए, मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। हमने आदेश दिये हैं कि जहां पर भी ठीक ढंग का अन्न नहीं है, खाने के योग्य भले ही है।

लेकिन क्वालिटी ठीक नहीं है, वहां पर उसको इश्यू नहीं किया जाये। हमने सरकारों को भी कहा है कि वे बिल्कुल उसको न लें रिलेक्स स्पेसिफिकेशन का चावल 15 लाख टन पड़ा है, हमने निर्णय कर दिया है कि इसमें से खराब चावल पी.डी.एस. में इश्यू नहीं किया जायेगा, क्योंकि इसका क्वालिटी ठीक नहीं है। पी.डी.एस. में इसको न देने का निर्णय कर लिया है। इसको डिस्पोज ऑफ करना है, यह एक अलग सवाल है। पहली बात यह है कि इतना नहीं है, जितना आपने कहा, लेकिन जितना है, वह भी नहीं होना चाहिए। एक यह भी सवाल है, जिस पर हम बुनियादी तौर पर विचार कर रहे हैं कि यह स्थिति क्यों आती है कि 5-5 साल तक अन्न पड़ा रहता है, खराब होता रहता है। इस सम्बन्ध में नियमों में संशोधन किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया जा रहा है और ऐसे नियम बनाये जा रहे हैं कि ऐसी नौबत न आये। इससे पहले कि अनाज खराब होने लगे, उससे पहले-पहले उसको दे दिया जाये, इश्यू कर दिया जाये, नीलाम कर दिया जाये, टेंडर कर दिया जाये, जो कुछ भी करना है, उससे पहले-पहले कर दिया जाये। आज नियमों में भी कुछ कमी है, विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के अधिकार नहीं हैं, वे ऊपर चिट्ठी लिखते हैं, चिट्ठी आती है, जाती है, उसमें बहुत सा समय लग जाता है। इसके लिए सारे नियमों में संशोधन करके शक्तियों का विकेन्द्रीकरण करके यह स्थिति लाई जा रही है कि इस प्रकार की स्थिति न आये, अनाज खराब न हो, उससे पहले-पहले उसको डिस्पोज ऑफ कर दिया जाये।

दूसरी एक और बात आई है कि बहुत सी गड़बड़ी होती है और उसमें सजा नहीं दी जाती। ऐसी बात नहीं है। मैं विस्तार से सारी बात नहीं कहूंगा, लेकिन जहां-जहां कारपोरेशन के अन्दर गलत काम होता है, लोग पकड़े जाते हैं, कानून के मुताबिक उनको सजा भी होती है। 1997 के अन्दर कारपोरेशन में 549 लोगों को सजा दी गई थी, 1998 में 750 लोगों को विभिन्न सजाएं दी गईं, 1999 में 1004 लोगों को सजा दी गई। सी.बी.आई. के अन्दर भी केसेज चल रहे हैं, कुछ मांग की गई है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जहां-जहां आवश्यक समझा जायेगा, सी.बी.आई. को भी, उचित केस जहां हैं, वे दिये जाएंगे।

एक यह भी कहा गया कि ट्रांसपोर्ट में, स्टोरेज में जो लोसेज होते हैं, वे बहुत ज्यादा होते हैं। उसकी फीगर्स भी जो बताई गईं, वह वास्तविकता नहीं है। कुल मिलाकर हमारे लोसेज़ केवल 1,85 हजार टन हैं और उसमें जो परसेंटेज है, वह भी उतना ज्यादा नहीं है, जितना बताया गयाहै। लेकिन फिर भी मैं यह समझता हूं कि जितना भी उसमें बताया गया है, उतना भी नहीं होना चाहिए। इस समय कारपोरेशन के जो आंकड़े हैं, उसके मुताबिक 1998-99 के अन्दर परसेंटेज ट्रांजिट लॉसेज़ की 1.17 परसेंट है। परसेंटेज स्टोरेज लोसेज़ की 0.40 परसेंट है, लेकिन इसमें अधिकतर जो लोसेज़ हैं, वे रेलवे के कारण हैं। यह कुछ माननीय सदस्यों ने बात बिल्कुल सच कही है कि फूड कारपोरेशन की बहुत बड़ी कठिनाई है कि जब हम अपना अनाज रेलवे को देते हैं तो वे क्लियर आर.आर. नहीं देते, सैट टू बी, इस शब्द का प्रयोग करते हैं और परिणाम यह होता है कि दूसरे स्थान पर जब हमको अनाज प्राप्त करना होता है, उसमें जो कमी होती है, उसकी जिम्मेदारी फिक्स नहीं की जाती। यह जो ट्रांजिट लोसेज़ हैं, इनमें 96 परसेंटेज लोसेज़ केवल रेलवे के हैं। अब हमने निर्णय किया है कि इस सारे विषय पर गम्भीरता से बात करेंगे, रेलवे के साथ बैठेंगे और दोनों विभाग बैठकर निर्णय करेंगे कि अगर बाकी प्राइवेट लोगों को क्लियर आर.आर. मिलती है तो सरकार के विभाग को क्लियर आर.आर. क्यों नहीं मिलती। उसमें कठिनाई क्या है ? यदि उसमें कोई कठिनाई होगी तो उस कठिनाई को हम दूर करेंगे, लेकिन मैं इस बात से सहमत हूं कि इतने लोसेज़ भी होते हैं, वे भी कम होने चाहिए। जितने लोसेज़ हैं, इनका मूल्य 328 करोड़ रुपये बनता है। इतना अधिक सामान स्टोर करने में, ले जाने में कहीं पर इधर-उधर हो जाये, यह चिन्ता का विषय है, इसके बारे में भी विचार किया जायेगा।

कुछ और बातें कही गई हैं, आई.एल.ओ. कंवेंशन के बारे में, उस कन्वेंशन को हमने रैटिफाई नहीं किया, लेकिन उसकी भावना को स्वीकार कर लिया है। निर्देश दे दिए गए हैं कि 100 किलो की जगह 50 किलो की बोरियां लगाई जाएं। यह निर्देश देने के बाद कई प्रदेशों ने कुछ समय के लिए छूट मांगी है, वह उनको दे दी गई है। लेकिन सिद्धांत रूप में हमने इस बात को स्वीकार कर लिया है।

आदरणीय रघुवंश प्रसाद जी ने बड़े गुस्से में दो बातें कहीं। एक तो यह कहा कि इकोनोमिक कॉस्ट बहुत ज्यादा है। यह ठीक है कि 580 रुपए में किसान से लेकर 900 रुपए इकोनोमिक कॉस्ट आती है, आपको ही अधिक नहीं लगती, मुझे भी लगती है। इस सारे मामले को देखा जा रहा है कि कहां क्या कमी की जा सकती है। लेकिन प्राइवेट ट्रेडर्स के मुकाबले में भारतीय खाद्य निगम की कुछ सीमाएं हैं। हमें मंडियों में जाकर खरीदना पड़ता है और सारे टैक्स देने होते हैं। इस तरह से 100-125 रुपए तो टैक्स के ही लग जाते हैं, जिसको एफ.सी.आई. छिपा नहीं सकती। बहुत से खर्च हैं, जिनको कम नहीं किया जा सकता। फिर भी हम गम्भीरता से इस पर विचार कर रहे हैं। हैदराबाद स्टाफ कालेज को अध्ययन के लिए दिया है, एक्सपर्ट ओपिनियन लेने जा रहे हैं। जून तक वह रिपोर्ट आ जाएगी, फिर इस इकोनोमिक कॉस्ट में कितनी कमी की जा सकती है, वह करने की कोशिश करेंगे। लेकिन प्रसाद जी से मेरा निवेदन है कि उन्होंने इतने गुस्से से यहां कहा जैसे यह इकोनोमिक कॉस्ट मेरे आने के बाद बढ़ी है, नई सरकार के आने के बाद बढ़ गई है। जब संयुक्त मोर्चा की सरकार थी, जिसमें आप भी मंत्री थे, तब भी यही हालत थी। आठ रुपए चालीस पैसे कॉस्ट थी, उसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य जो नया बढ़ाया वह भी डाल दें तो नौ रूपए बन जाता है, तब भी यही हालत थी, जो आज है। तब भी अच्छी बात नहीं थी और अब भी नहीं है। आप पता नहीं स्वीकार करते थे या नहीं, मगर मैं करता हूं कि इकोनोमिक कॉस्ट कम करने की कोशिश करनी चाहिए। हम यह कर रहे

हैं और बहुत जल्दी निर्णय करेंगे।

एक बात यह कही गई कि जो संशोधन है, उसमें कहा गया है कि सी.ए.जी. है, वह स्वयं करेगा। इसमें एक और शब्द है कि वह किसी व्यक्ति की नियुक्ति कर लेगा। यह क्यों है, मैं समझता हूं यह एक स्टैंडर्ड फ्रेज है। इस सम्बन्ध में हमने भी उनसे पत्र व्यवहार किया था। मैं उनके उत्तर में से चार पंक्तियां यहां उद्धृत करना चाहता हूं--

> "While the draft amendment provides for order by CAG or any other person authorised by CAG, it is our intent to perform the order ourselves and the mention of any other authority is a provision to meet any unforeseen contingency. "

कभी स्पेशल आर्डर करना पड़ता है, कभी कुछ करना पड़ता है, उद्देश्य यही है कि सारा का सारा आडिट का काम सी.ए.जी. करेगा। इस सम्बन्ध में कोई शक नहीं रहना चाहिए।

एक और बात यहां कही गई कि हमारी भंडारण क्षमता कम है, एफ.सी.आई. के बहुत कम गोदाम हैं, किराए के ज्यादा हैं। उसमें किराया बहुत अधिक दिया जाता है। मैं इसको ठीक करना चाहता हूं। क्वर्ड गोदामों की केपेसिटी एफ.सी.आई. की 60 प्रतिशत है, 20 प्रतिशत सी.डब्ल्यू.सी. की है और केवल 14 प्रतिशत किराए की है। यह कोई अधिक नहीं है। जितनी आवश्यकता पड़ती है, उसमें उसको करना पड़ता है। फिजीकल वैरीफिकेशन एफ.सी.आई. में होता है और चेयरमैन उसके लिए हर वर्ष कुछ गोदाम तय करते हैं। उसमें फिजीकल वैरीफिकेशन करने की कोशिश की जाती है। लेकिन फिजीकल वैरीफिकेशन साइंटिफिक है, ऐसा मैं मानने के लिए तैयार नहीं, क्योंकि उसमें अलग-अलग मानदंडों के अनुसार होता है। सी.ए.जी. ने रिपोर्ट दी है, वह सरकार के पास विचाराधीन है। इसके अलावा मापने और तौलने के जो नियम हैं, उनमें इतना अंतर है कि इसके कारण कई बार परेशानियां आ जाती हैं। हमने इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कलकत्ता को फिजीकल वैरीफिकेशन की साइंटिफिक व्यवस्था सजेस्ट करने के लिए कहा है ताकि इस व्यवस्था के कारण सारा नाप-तौल किया जाए।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : मंत्री जी आप कृपा करके बतायें कि 14 प्रतिशत जो प्राइवेट स्टोरेज होता है, 26 प्रतिशत सी.डब्ल्यू.सी. का है और जो एफ.सी.आई. के गोदाम हैं, इन तीनों की स्टडी करके देखिये। एक-एक नॉर्म्स, कंटेंट्स ऑफ पॉलिसी और मैनिपुलेशन इसमें से कहां ज्यादा होता है ? एफ.सी.आई. वाले में या सी.डब्ल्यू. सी. में या प्राइवेट वाले में ज्यादा होता है ? इसमें आपको आंकड़े पूरे मिल जाएंगे।

श्री शांता कुमार : इसे हम देख लेंगे। मैं नहीं कहता कि गड़बड़ नहीं होती। इसमें कुछ बातें होती हैं, इनको हम देख लेंगे। आगे से निश्चित साइंटिफिक नापतोल का नियम बनाकर हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। कहा गया कि हमारे भंडारों में बहुत अधिक भंडारण हो गया है और उसका कारण यह है कि देश के किसानों ने बहुत अधित उत्पादन किया है और एम.एस.भी हम उस भाव पर तय करते हैं जो भी मार्केट मे लेकर आता है, हमें उसे लेना पड़ता है लेकिन 42 मिलियन टन नहीं है केवल 28 मिलियन टन है। राजस्थान और गुजरात के बारे में बात कही गई कि जो वहां अनाज दिया गया है, किस ढंग से दिया गया है ? उसका सरकार का एक निश्चित नियम है। उड़ीसा के अंदर साइक्लॉन आया था, वहां भी हमने दिया था। रियायती दर पर दिया जाता है, जो बी.पी.एल. रेट है, उसी पर दिया जाता है। एक बंगाल के संबंध में मिड-डे मील के संबंध में कहा गया कि बच्चों के साथ भी ऐसा होता है। भ्रटाचार, कु-प्रबंध की बहुत सी बातें आई हैं। मैं स्वीकार करता हूं कि एफ.सी.आई. एक बहुत बड़ा दायरा है और सचमुच बहुत अच्छा काम कर रहा है। सभी गलत लोग वहां नहीं हैं। सभी भ्रटाचार करने वाले नहीं है। बहुत अच्छा का करने वाले लोग हैं, बहुत बढ़िया लोग हैं। कुल मिलाकर ढ़ाई-पौने तीन लाख लोग वहां मजदूर कर्मचारी अधिकारी काम करते हैं और कुल मिलाकर उन्होंने देश का बहुत बड़ा सिस्टम संभाला हुआ है लेकिन मैं स्वीकार करता हूं कि बहुत गल्तियां हैं। बहुत भ्रटाचार के मामले होते हैं, कुछ हमारे सामने आये हैं। ये मामले देखे जा रहे हैं और जो जो भ्रटाचार के मामले हमारे ध्यान में आ रहे हैं, आप ध्यान में ला रहे हैं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उसमें किसी प्रकार की कहीं कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मैं जहां-जहां जाता हूं, मेरा नियम है, जैसे कल राजस्थान गया था। मैं वहां सूखा राहत के बारे में बातचीत करने के लिए गया था लेकिन थोड़ा समय मिला तो मैंने स्वयं गोदाम देखने की कोशिश की। मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि एफ.सी.आई. की छवि जैसी होनी चाहिए, वैसी नहीं है। यह हम सब के लिए चिंता का विय है और उसकी छवि को ठीक करने का पूरा प्रयत्न किया जाएगा, पूरी कोशिश की जाएगी और जो भी मामले हमारे पास आएंगे, उन सभी मामलों पर पूरा ध्यान देने की कोशिश करेंगे।

अंत में, मैं आप सबको धन्यवाद देता हूं कि जो सुझाव आये हैं, उन सभी सुझावों पर हम विचार करेंगे। यह छोटी सी अमेंडमेंट है लेकिन बहुत महत्वपूर्ण अमेंडमेंट है, उस पर आप सबका समर्थन मिला है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं और आप कृपा करके इसे पास करें।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी (रायगंज) : मिड-डे मील वाला जो चीटिंग का केस हुआ है और जिसकी सूचना मैने आपको दी है, उसकी जरा जांच करवाने की कृपा करें।

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That the Bill further to amend the Food Corporations Act, 1964, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration. "

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

MR. CHAIRMAN : The question is

" That Clause 1, the Enacting Formula and theLong

Title Stand Part of the Bill.

" Clause 1, the Enacting Formula and theLong

Title were added to the Bill.

श्री ्शांता कुमार महोद्य, मैं प्र्स्ता्व करता हूं -

कि ्विधे्यक को पारित कि्या जा्ये।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed. "

The motion was adopted.

1945 hrs.